Reporters Required!
For
Delhi, Haryana, UP, Ludhiana, Shimla, Bihar, Jammu, Jaipur Amritsar, Bathinda,
Call/WhatsApp:
+91-9157875000
+91-9815619715
Email:
azadvaani65@gmail.com

Monthly Hindi/English Newspaper

Published from SAS Nagar (Mohali)

# Azad वाणी

NEWS • VIEWS • ANALYSIS

RNI No. PBBIL/26/A0779






# पंजाब की तरक्की से घबराकर कांग्रेस, भाजपा और अकाली दल हए एकजट : मख्यमंत्री भगवंत सिंह मान



बरनाला, 25 जून : पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कांग्रेस, भाजपा और शिरोमणि अकाली दल पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि ये तीनों दल पंजाब की अभूतपूर्व तरक्की और आम आदमी पार्टी सरकार को मिल रहे जनसमर्थन को बर्दाश्त नहीं कर पा रहे हैं। बरनाला में आयोजित 'लोक मिलनी' कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि पारंपरिक राजनीतिक दल राज्य में तेजी से हो रहे विकास से परेशान होकर उन्हें धार्मिक आधार पर बदनाम करने के लिए फर्जी वीडियो और झूठे प्रचार का सहारा ले रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विरोधियों की लगातार साजिशों के बावजूद उनकी सरकार पूरी तरह विकास और जनकल्याण के कार्यों पर केंद्रित है। उन्होंने बड़ा ऐलान करते हुए कहा कि 1 जुलाई से राज्य की महिलाओं को 'मांवां-धीयां सत्कार योजना' के तहत वित्तीय सहायता मिलनी शुरू हो जाएगी। इस योजना के अंतर्गत 18 वर्ष से अधिक आयु की महिलाओं को हर महीने आर्थिक सहायता दी जाएगी, जिसमें सामान्य वर्ग की महिलाओं को 1,000 रुपये तथा अनुसूचित जाति की महिलाओं को 1,500 रुपये प्रदान किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि यह राशि सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में भेजी जाएगी और राज्य की लगभग 97 प्रतिशत महिलाएं इस योजना से लाभान्वित होंगी। इसके लिए सरकार ने बजट में 9,300 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सहायता केवल आर्थिक मदद नहीं, बल्कि महिलाओं के सम्मान और सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि महिलाओं की आर्थिक आत्मनिर्भरता से परिवार और समाज दोनों मजबूत होंगे।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने गांवों में हाई-टेंशन बिजली की तारों को भूमिगत करने की देश की पहली परियोजना शुरू करने की भी घोषणा की। उन्होंने कहा कि इस परियोजना से गांवों में बिजली के खंभों और तारों के जाल से मुक्ति मिलेगी, जिससे करंट लगने, आग लगने तथा बिजली आपूर्ति बाधित होने जैसी समस्याओं का स्थायी समाधान होगा।

मुख्यमंत्री ने दावा किया कि पंजाब के 90 प्रतिशत से अधिक घरों को मुफ्त बिजली मिल रही है और किसानों को पहली बार दिन के समय निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने बताया कि सरकार ने 14 हजार किलोमीटर लंबी पाइपलाइन और खालों का निर्माण कर किसानों तक सिंचाई सुविधाएं पहुंचाई हैं, जिससे भूजल स्तर में भी सुधार हुआ है।

विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए भगवंत मान ने कहा कि राजनीतिक रूप से मुकाबला करने में असफल रहने के कारण उनके विरोधी उन्हें धार्मिक आधार पर बदनाम करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने वायरल हो रहे वीडियो को पूरी तरह फर्जी और मनगढ़ंत बताते हुए लोगों से ऐसे प्रचार पर विश्वास न करने की अपील की। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस

## अमृतसर पुलिस ने अंतरराष्ट्रीय हथियार, ड्रग और हवाला नेटवर्क का भंडाफोड़, अफगान नागरिक



चंडीगढ़/अमृतसर, 25 जून: पंजाब को सुरक्षित और नशा मुक्त बनाने के अभियान के तहत अमृतसर कमिश्नरेट पुलिस ने केंद्रीय एजेंसी के साथ संयुक्त कार्रवाई करते हुए सीमा पार से संचालित अवैध हथियार, नशा और हवाला नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। इस कार्रवाई में एक अफगान नागरिक और एक नाबालिग सहित सात आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने उनके कब्जे से 10 आधुनिक अवैध हथियार, 5.048 किलोग्राम हेरोइन और 30.38 लाख रुपये की हवाला राशि बरामद की है।

पंजाब के पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी विदेशों में बैठे हैंडलरों के संपर्क में थे, जो सोशल मीडिया प्लेटफार्मों के माध्यम से इस नेटवर्क का संचालन कर रहे थे। गिरफ्तार आरोपी नशीले पदार्थों और अवैध हथियारों की खेप प्राप्त कर उन्हें आगे आपराधिक तत्वों तक पहुंचाते थे तथा वित्तीय लेन-देन के लिए हवाला चैनलों का उपयोग करते थे।

## एसआईआर-2026 के तहत पंजाब में घर-घर गणना शुरू, 24,453 बीएलओ ने संभाली जिम्मेदारी



चंडीगढ़, 25 जून: पंजाब में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर)-2026 के तहत मतदाता सूची के अद्यतन के लिए आज से घर-घर गणना प्रक्रिया शुरू हो गई। इस अभियान के पहले दिन राज्यभर में 24,453 बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) ने घर-घर जाकर गणना फॉर्म वितरित किए। भारत चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित यह गणना चरण 25 जून से 24 जुलाई, 2026 तक चलेगा, जिसके तहत राज्य के 2.14 करोड़ से अधिक मतदाताओं तक पहुंच बनाई जाएगी।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी पंजाब श्रीमती अनिंदिता मित्रा ने स्वयं अपने परिवार सहित गणना फॉर्म भरकर अभियान की शुरुआत की और नागरिकों से सही एवं अद्यतन मतदाता सूची तैयार करने में सहयोग की अपील की। उन्होंने कहा कि पहले दिन गणना फॉर्मों का वितरण सफलतापूर्वक और उत्साहजनक ढंग से संपन्न हुआ।

## फर्जी वीडियो के जरिए छवि खराब करने की साजिश का पर्दाफाश, जल्द होंगे बड़े खुलासे

मोहाली, 25 जून: पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने सोशल मीडिया पर वायरल हो रही कथित फर्जी वीडियो को लेकर बड़ा खुलासा करते हुए दावा किया कि यह उनके खिलाफ रची गई एक सुनियोजित साजिश है। मोहाली में मीडिया को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उनके जैसा दिखने वाला एक विशेष मास्क तैयार कर कनाडा में वीडियो शूट की गई और इसके जरिए उनकी धार्मिक एवं राजनीतिक छवि को नुकसान पहुंचाने की कोशिश की गई।

मुख्यमंत्री ने दावा किया कि कनाडा में रहने वाले जगमन समरा ने इस मास्क का इस्तेमाल कर वीडियो तैयार की। उन्होंने कहा कि वह वर्ष 2016 के बाद कभी कनाडा नहीं गए, जबकि संबंधित वीडियो कनाडा के एबॉट्सफोर्ड स्थित एक होटल में फिल्माई गई है। उन्होंने बताया कि मास्क की डिलीवरी और उसके इस्तेमाल से जुड़े कई सबूत उनके पास हैं, जिन्हें जल्द सार्वजनिक किया जाएगा।

भगवंत मान ने कहा कि वीडियो में स्पष्ट रूप से मास्क दिखाई देता है और उसमें उनकी गर्दन पर मौजद सर्जरी



का स्थायी निशान भी नहीं है। उन्होंने कहा कि चेहरे की बनावट, गर्दन की रेखाएं, त्वचा का रंग और अन्य शारीरिक विशेषताएं भी यह साबित करती हैं कि वीडियो में दिखाई देने वाला व्यक्ति वह नहीं हैं। उन्होंने कहा कि वीडियो में आंखों को छिपाने के लिए काले चश्मे का इस्तेमाल किया गया, ताकि पहचान न हो सके।

मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि राजनीतिक विरोधी उन्हें धार्मिक आधार पर बदनाम करने के लिए धार्मिक संस्थाओं का इस्तेमाल कर रहे हैं, क्योंकि वे राजनीतिक रूप से उनका मुकाबला करने में असफल रहे हैं। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार ने सामाजिक, आर्थिक और धार्मिक कल्याण के लिए कई ऐतिहासिक फैसले लिए हैं, लेकिन विपक्ष विकास के मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए झूठे प्रचार का सहारा ले रहा है।

उन्होंने शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा जारी किए गए बहिष्कार संबंधी पोस्टरों पर भी सवाल उठाए और कहा कि जब अन्य नेताओं ने अपनी गलतियां स्वीकार कीं, तब उनके खिलाफ ऐसी कार्रवाई क्यों नहीं की गई। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि वह श्री अकाल तख्त साहिब की सर्वोच्चता का हमेशा सम्मान करते रहे हैं और यदि उन्हें दोबारा बुलाया जाता है तो वह एक विनम्र सिख के रूप में उपस्थित होंगे। | मुख्यमंत्री ने बताया कि इस मामले में पहले ही एफआईआर दर्ज की जा चुकी है और आज प्रस्तुत किए गए सभी सबूत पुलिस तथा श्री अकाल तख्त साहिब को सौंपे जाएंगे। | उन्होंने कहा कि जांच पूरी होने के बाद इस पूरे षड्यंत्र के मास्टरमाइंड, फंडिंग करने वालों और वीडियो तैयार करने वालों का खुलासा किया जाएगा।

## नशा तस्करों के लिए पंजाब में कोई जगह नहीं, समाज के सहयोग से बनेगा नशा मुक्त राज्य : बरिंदर कुमार गोयल



चंडीगढ़/मालेरकोटला, 25 जून: मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार राज्य को नशा मुक्त बनाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता और गंभीरता के साथ कार्य कर रही है। इसी उद्देश्य से चलाए जा रहे "युद्ध नशों के विरुद्ध" अभियान के तहत पंजाब के जल संसाधन तथा भूमि एवं जल संरक्षण मंत्री बरिंदर कुमार गोयल ने मालेरकोटला स्थित पंजाब उर्दू अकादमी में विलेज डिफेंस कमेटियों (वीडीसी), ब्लॉक कोऑर्डिनेटरों, सिविल एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारियों के साथ जिला स्तरीय समीक्षा बैठक की।


बैठक को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री ने कहा कि नशों के खिलाफ यह लड़ाई केवल सरकार या पुलिस की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि समाज के प्रत्येक वर्ग को इसमें सक्रिय भागीदारी निभानी होगी। उन्होंने कहा कि यदि पंजाब को नशा मुक्त बनाना है तो पंचायतों, युवाओं, अभिभावकों, सामाजिक संगठनों और आम नागरिकों को आगे आकर इस जन आंदोलन का हिस्सा बनना होगा।

बरिंदर कुमार गोयल ने कहा कि राज्य सरकार ने नशे के खिलाफ बहुआयामी रणनीति अपनाई है। इसके तहत ग्रामीण रक्षा समितियों का गठन किया गया है, नशा मुक्ति केंद्र स्थापित किए गए हैं और विशेष नशा मुक्ति टीमें तैनात की गई हैं। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य केवल नशा तस्करों के खिलाफ कार्रवाई करना ही नहीं, बल्कि नशे की गिरफ्त में आए लोगों का पुनर्वास और समाज की मुख्यधारा में उनकी वापसी सुनिश्चित करना भी है।

उन्होंने कहा कि युवाओं की ऊर्जा को सकारात्मक दिशा देने के लिए गांवों में खेल सुविधाओं, स्टेडियमों और पुस्तकालयों के विकास पर विशेष बल दिया जा रहा है। स्वस्थ, शिक्षित और अनुशासित युवा ही पंजाब के उज्ज्वल भविष्य की नींव हैं। उन्होंने कहा कि सरकार युवाओं को खेल, शिक्षा और रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है।

ऐसे लोगों के खिलाफ कानून के अनुसार सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे विलेज डिफेंस कमेटियों के साथ लगातार संपर्क बनाए रखें तथा नशों संबंधी कोई भी सूचना मिलने पर तुरंत प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करें।

Advertisement



herbegy™
Think pure think herbal

PREMIUM SPICES RANGE

Pure Spice. Rich Flavour.




PURE | AROMATIC | PREMIUM QUALITY

Advertisement

For Dealer Inquiry Contact:

727-515-0015